बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 03 / भू0अ0नि0(2)आरोप(वि0सर्वे0अमीन)–बेगूसराय–11 / 2022 4821 पटना, दिनांक:– 30/12/2022

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय के पत्रांक 823 दिनांक 26.07.2022 द्वारा श्री राहुल कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03200) के विरूद्ध बिना किसी सूचना के लगातार अनाधिकृत अनुपस्थिति एवं शिविर प्रभारी तथा बंदोबस्त कार्यालय द्वारा अनुपस्थिति के संदर्भ में इनसे किए गए स्पष्टीकरण का अनुपालन समर्पित नहीं करने का प्रतिवेदन भेजा गया है।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में तथा उक्त जिले के लिए नामित नोडल पदाधिकारी से आरोपित कर्मी के ऑनलाईन उपस्थिति की जांच करायी गयी। नोडल पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि आरोपित माह अक्टूबर, 2020 से अगस्त, 2022 तक मात्र 45 दिन ही अपने कर्त्तव्य पर उपस्थित रहे हैं।

बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन एवं नोडल पदाधिकारी के जांच प्रतिवेदन के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 2249 दिनांक 30.08.2022 द्वारा आरोपित से उनके अनाधिकृत रूप से अनुपस्थिति के संबंध में 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। आरोपित द्वारा अपना स्पष्टीकरण 03 महीने की लम्बी अवधि के बाद भी समर्पित नहीं किया गया है।

आरोपित से स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की कारण भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 2246 दिनांक 19.11.2022 द्वारा आरोपित के विरूद्ध संविदा नियोजन समाप्ति का प्रस्ताव स्पष्ट अनुशंसा सहित 03 दिनों के अन्दर बंदोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय को उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा भी कोई प्रतिवेदन नहीं भेजा गया है।

बंदोबस्त पदाधिकारी से आरोपित के विरूद्ध पूर्व प्रतिवेदित अनाधिकृत अनुपस्थिति से संबंधित सूचना एवं नोडल पदाधिकारी का जांच प्रतिवेदन तथा संचिका में रक्षित अभिलेखों का अवलोकन किया गया। अवलोकनोपरांत पाया गया कि आरोपित माह अक्टूबर, 2020 से अगस्त, 2022 तक मात्र 45 कार्यदिवस पर ही अपने कर्त्तव्य पर उपस्थित रहे हैं। अनुपस्थिति के संबंध में आरोपित से बंदोबस्त कार्यालय स्तर एवं निदेशालय स्तर से पूछे गए स्पष्टीकरण का उत्तर नहीं दिया जाना वरीय पदाधिकारियों के आदेशोल्लंघन एवं कर्त्तव्यहीनता का परिचायक है। बिहार विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समयावधि के अन्दर पूर्ण किया जाना है। इनके इस तरह के कृत्यों से सर्वेक्षण का कार्य बाधित हुआ है। कार्य के प्रति रूचि नहीं रखने तथा लगातार अनुपस्थित रहने एवं सर्वेक्षण कार्य को अनुशासित बनाए रखने के दृष्टिगत इन्हे सेवा में बनाए रखना उचित नहीं होगा।

अतः **"बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम – 8(4)"** के आलोक में श्री राहुल कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03200) की सेवा समाप्त की जाती है।

3/12/22
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)आरोप(वि0सर्वे0अमीन)–बेगूसराय–11 / 2022 1821 **पटना, दिनांक** 30-12/2022

प्रतिलिपि :– श्री राहुल कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03200), बंदोबस्त कार्यालय, बेगूसराय को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)आरोप(वि0सर्वे0अमीन)–बेगूसराय–11 / 2022 1821 **पटना, दिनांक** :– 30/12/2022

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, बेगूसराय को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)आरोप(वि0सर्वे0अमीन)–बेगूसराय–11 / 2022 1821 **पटना, दिनांक** :– 30/12/2022

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरीता कुमारी, प्रोग्रामर को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेशित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप